# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी चंडीगढ़
## (तिथि 12 अगस्त  2026, समय 18:10

## मुख्य समाचार

- •प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की आत्मकथा का विमोचन किया- युवाओं से अपने प्रिय व्यक्ति की आत्मकथा पढ़ने और शॉर्टकट अपनाने से बचने का आग्रह किया।
- •केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, सरकार विद्यार्थियों के मुद्दे सहित किसी भी विषय पर चर्चा के लिए तैयार है।
- •मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, युवा केवल भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी ताकत- युवाओं की विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में निर्णायक भूमिका होगी।
- • श्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला से प्रदेश भर में एच आई वी एड्स जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।
- •हरियाणा के राज्यपाल प्रोफ़ेसर असीम कुमार घोष ने उपायुक्तों को राज्य से तपेदिक के पूर्ण उन्मूलन के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

**************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की आत्मकथा 'भारतीय गणराज्य की विजय: मेरा जीवन, मेरा संघर्ष' का विमोचन किया। यह आत्मकथा श्री कोविंद के उल्लेखनीय जीवन सफर का एक व्यक्तिगत विवरण प्रस्तुत करती है।श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में राम नाथ कोविंद का मार्गदर्शन उनके लिए शक्ति का एक बड़ा स्रोत रहा है।

*कोविंद जी ने ये काम हम सबके लिए किया है क्योंकि उनके जीवन में ऐसा कितना कुछ है जिसमें गरीब, वंचित तबके से आए तमाम लोग अपने जीवन की*

*परछाई देख सकते हैं। कैसे एक साधारण परिवार मुश्किल हालातों में भी जीवन की सृजिता और ईमानदारी से समझौता नहीं करता।*

इस अवसर पर श्री कोविंद ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता हासिल करने का साधन नहीं है, बल्कि राष्ट्र की सेवा करने का एक माध्यम भी है।

*****************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से आग्रह किया है कि वे अपने प्रिय व्यक्ति की आत्मकथा पढ़ें और रील्स तथा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के युग में शॉर्टकट अपनाने से बचें। उन्होंने विकसित भारत के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित युवाओं की निरंतर आवश्यकता पर भी बल दिया।

*हमें भविष्य में कोविंद जी जैसे अनेकों युवा चाहिए। जो परेशानियों से परास्त न हो। जो मुश्किलों से मायूस न हो, बल्कि अपनी मेहनत से हर मंजिल को आसान बनाने का हौसला रखें। इसी बदलाव से सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प पूरा हुआ। यहीं से आत्मनिर्भर और विकसित भारत का रास्ता बनेगा।*

*****************************************************************

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार विद्यार्थियों के मुद्दे सहित किसी भी विषय पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है और संसद में सदस्यों की ओर से उठाए गए सभी सवालों का जवाब देगी।

संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में श्री शाह ने कहा कि सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और वह चर्चा के लिए तैयार है।

*आज तीन बजे तक स्पीकर साहब को वो पत्र दे दें। तीन बजे से लेकर कल तीन बजे तक सभी प्रकार की चर्चा के लिए हम तैयार हैं। मैं सदन में ही बैठूंगा, सबको सूनूंगा और सब चीजों का जवाब दूंगा। सरकार के पास छुपाने के लिए कुछ नहीं है। देश की जनता के सामने सारी चीजें स्पष्ट हो जाएं। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए।*

श्री शाह ने आरोप लगाया कि विपक्ष सदन की कार्यवाही नहीं चलने दे रही है।

*विपक्ष संसद को चलने ही नहीं दे रहा है। दोनों सदनों में। तो कोई जाकर क्या करे। जहां तक चर्चा का सवाल है सरकार की ओर से किरेन रिजिजू ने बहुत स्पष्ट कर दिया है कि जो नीट आंदोलन के छात्र प्रदर्शन पर सभी प्रकार की चर्चा करने के लिए सरकार तैयार है और चर्चा के लिए समय सुनिश्चित किया जाए और विपक्ष तैयार हो जाए।*

************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि युवा केवल एक उम्र नहीं, बल्कि ऊर्जा, सामर्थ्य और संभावनाओं का अथाह सागर हैं। मुख्यमंत्री आज अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा केवल भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी ताकत हैं जो विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का युवा तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

कौशल विकास पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास का उद्देश्य केवल प्रमाण-पत्र देना नहीं, बल्कि प्रत्येक प्रशिक्षित युवा के लिए गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपनी आकांक्षाएं पूरी करने के लिए अपने तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित भी किया।

************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला से प्रदेश में

एचआईवी-एड्स जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 12 अक्तूबर तक चलेगा।

उन्होंने देश के 15 सुरक्षित जिलों की सूची में शामिल हरियाणा के कुरुक्षेत्र व कैथल जिलों को सम्मानित भी किया और कहा कि एचआईवी के खिलाफ लड़ाई केवल विरोध से नहीं, बल्कि सही जानकारी, जागरूकता, अपनापन और संवेदनशीलता के माध्यम से जीती जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एचआईवी छूत का रोग नहीं है इसके साथ जीवन जी रहे व्यक्ति से दूरी बनाना अज्ञानता है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 10 अन्य लोगों तक एचआईवी से बचाव और उपचार से जुड़ी सही जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया।

*************************************************************

हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज भिवानी में नेहरू पार्क में शहीद मदन लाल धींगड़ा स्मारक से विधायक घनश्याम सर्राफ के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा और जिला प्रशासन द्वारा निकाली गई इस तिरंगा यात्रा के शुभारंभ से पहले शहीद मदनलाल धींगड़ा की प्रतिमा के समक्ष और शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान युवाओं ने नशों से दूर रहने की शपथ ली। इसके उपरांत घंटाघर पर महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया।

*************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने आज उपायुक्तों को राज्य से तपेदिक के पूर्ण उन्मूलन के लिए ठोस एवं परिणामोन्मुखी कदम उठाने के निर्देश दिए।

राज्यपाल 'टीबी मुक्त भारत अभियान' एवं 'निक्षय मित्र पहल' के तहत हरियाणा राज्य में किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा के लिए चंडीगढ़ स्थित लोक भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 13 जिलों के उपायुक्तों को संबोधित कर रहे थे।

प्रो. घोष ने टीबी के निवारक उपायों तथा समुदाय-आधारित जांच को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया।

उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अधिक जोखिम वाले गांवों पर विशेष ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि जांच एवं स्वास्थ्य सुविधाएं कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक सीधे पहुंचें।

राज्यपाल ने 'टीबी मुक्त भारत ऐप', का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने को कहा ।

प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। हरियाणा टीबी के खिलाफ लड़ाई में देश के अग्रणी प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक बनकर उभरा है और राज्य ने 'नेशनल टीबी एलिमिनेशन प्रोग्राम' के तहत कई महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल किए हैं।

*************************************************************